pan>

Title: Need to provide storage facility to farmers of Rajgarh Parliamentary Constituency.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश मुख्यतः कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि कार्य पर ही आधारित है। क्षेत्र में गेहूं, चना, मक्का, प्याज़, लहसुन की खेती के साथ-साथ सोयाबीन, धनिया, संतरा, आंवला एवं सीताफल का भी उत्पादन प्रमुखता से किया जाता है। किंतु इनके उचित रखरखाव व संग्रहण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अधिकांश मात्रा बर्बाद हो जाती है, जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में मेगाफूडपार्क व प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना होने से अन्नदाता किसानों को मेहनत का पूर्ण फायदा मिलेगा, साथ ही इन उत्पादों का नुकसान होने से बचाया जा सकेगा।